पं.रविशंकर शुक्ल् विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

क्रमांक 1539/अका/2006 दिनांक- 10-2-06

विश्वविद्यालय कार्यपरिषद की आपातिक बैठक दिनांक 8.2.2006 को 3 बजे अपरान्ह् विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन के कुलपति कक्ष में आयोजित की गई। इस बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित रहें-

1.	डॉ लक्ष्मण चतुर्वेदी, कुलपति	अध्यक्ष
2.	डॉ ओ.पी.वर्मा, कुलाधिसचिव	सदस्य
3.	डॉ हर्षवर्धन तिवारी	सदस्य
4.	डॉ एम.ए.खान	सदस्य
5.	डॉ शशिभूषण	सदस्य
6.	डॉ डी.डी.वर्मा	सदस्य
7.	डॉ एच.आर.शर्मा	सदस्य
8.	डॉ [illegible].के.बंसल	सदस्य
9.	डॉ जी.डी.साव	सदस्य
10.	डॉ हेमलता महोबे	सदस्य
11.	डॉ युगल भारती	सदस्य
12.	श्री के.के.चंद्राकर, कुलसचिव	सचिव

कार्यवृत्त

विषय क्रमांक 1 **पुनरीक्षित बजट 2005-06 एवं प्रस्तावित बजट 2006-07 का अनुमोदन करना।**

निर्णय वित्तीय वर्ष 2005-06 के पुनरीक्षित बजट एवं वर्ष 2006-07 के लिये प्रस्तावित बजट पर सभी सदस्यों के द्वारा विचार-विमर्श करने के बाद सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

विषय क्रमांक 2 **वार्षिक प्रतिवेदन 2005-06 का अनुमोदन करना।**

निर्णय सर्वसम्मति से वार्षिक प्रतिवेदन 2005-06 का अनुमोदन किया गया। कार्यपरिषद ने यह भी निर्णय लिया कि डॉ हर्षवर्धन तिवारी द्वारा प्रस्तावित सुझाव समाहित किया जावे।

विषय क्रमांक 3 **भवन समिति की बैठक दिनांक 6.2.2006 की अनुशंसा का अनुमोदन करना।**

निर्णय भवन समिति की बैठक दिनांक 6.2.2006 की अनुशंसा का अनुमोदन किया गया।

अध्यक्ष की अनुमति से-

विषय क्रमांक 4 **द्वादश दीक्षांत समारोह में मानद् उपाधि प्रदान करने के संबंध में निर्णय लेना।**

निर्णय द्वादश दीक्षांत समारोह का आयोजन पं.रविशंकर विश्वविद्यालय प्रेक्षागृह में सोमवार दिनांक 27 फरवरी को सायं 4 बजे आयोजित होगी जिसमें मुख्य अतिथि श्री सैम पित्रौदा,प्रधानमंत्री के सलाहकार, तकनीकी मिशन होंगे। विश्वविद्यालय कार्यपरिषद की बैठक दिनांक 30.1.2006 को निम्नलिखित व्यक्तियों को उनके कार्यक्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिये

पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की डी.लिट् की मानद उपाधि प्रदान करने की अनुशंसा की गई है-

1. डॉ जोसेफ एच.हेमिल्टन - विज्ञान संकाय के अंतर्गत डी.लिट्
2. श्रीमती तीजन बाई - कला संकाय के अंतर्गत डी.लिट्

श्री जोसेफ एच.हेमिल्टन विज्ञान संकाय के अंतर्गत भौतिकशास्त्र विषय से संबंधित न्यूक्लियर फीजिक्स के प्राध्यापक है। अतः इन्हें डी.लिट्.के स्थान पर डी.एस.सी. की मानद् उपाधि से विभूषित करने की अनुशंसा की गई।

विषय क्रमांक 5 द्वादश दीक्षांत समारोह में डायस पर बैठने के लिये कार्यपरिषद द्वारा व्यक्तियों द्वारा नामांकित किये जाने के संबंध में विचार करना।

निर्णय अतिरिक्त परिनियन क्रमांक 1 के प्रावधानुसार कुलाधिपति की सहमति प्राप्त कर मंच पर बैठने वाले अन्य व्यक्तियों को नामित करने के लिये कुलपति को अधिकृत किया जाता है।

अध्यक्ष को धन्यवाद ज्ञापित करने के बाद बैठक सम्पन्न हुई।

कुलपति

कुलसचिव

पृष्ठांकन क्रमांक 4439 /अका/2006 दिनांक- 10-2-06

प्रतिलिपि :-

1. महामहिम कुलाधिपति के सचिव, छत्तीसगढ़, राजभवन, रायपुर ।
2. कार्य परिषद के समस्त सदस्यों को ।
3. संचालक, महाविद्यालय विकास परिषद/ अधिष्ठाता, छात्र कल्याण,
4. वित्ताधिकारी/आवासीय अंकेक्षक,
5. कुलपति के सचिव/ कुलसचिव के निजी सहायक,

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

कुलसचिव